पत्रांकः-भ0/स्था-04-विविध-02/2026......7712(भ)/

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

**कुमार अनुराग** भा.प्र.से.,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**स्मार-पत्र**

**सभी अधीक्षण अभियंता,**
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः- 17/8/26

**विषयः-** पेंशन एवं सेवान्त लाभ के लंबित मामलों की समीक्षा हेतु मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

**प्रसंगः-** विभागीय पत्रांक-5441 अनु0 दिनांक-19.07.24, पत्रांक-10363 दिनांक-17.12.24, पत्रांक-8484 दिनांक-10.09.2025 एवं पत्रांक-2825, दिनांक-23.03.26, एवं पत्रांक-5972(भ) दिनांक-30.06.26.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि वित्त विभाग, बिहार, पटना के स्तर पर पेंशन, सेवांत लाभ एवं नई पेंशन योजना (NPS) से संबंधित लंबित मामलों की गहन समीक्षा की जा रही है जिसमें विभाग द्वारा मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन पर आधारित समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाता है। परन्तु पूर्व में बार-बार निदेशित किये जाने के बावजूद कतिपय अंचल कार्यालयों को छोड़कर अधिकांश अंचल कार्यालयों से उक्त मामलों से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो रहे हैं जिस कारण विभागीय स्तर पर समेकित समीक्षा किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। आपके स्तर से अपने अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलीय कार्यालयों से संबंधित उक्त प्रतिवेदन विभाग को ससमय उपलब्ध कराया जाना अत्यावश्यक है।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में पुनः अनुरोध है कि सेवान्त लाभ के लंबित मामलों के संबंध में यथानिर्दिष्ट विहित प्रपत्र (I से V) में वांछित प्रतिवेदन निश्चित रूप से प्रत्येक माह की 15 तारीख से पहले विभाग को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उक्त सूचना/प्रतिवेदन B.C.D. S.E वाट्सऐप ग्रुप एवं विभागीय ई-मेल के माध्यम से भेजने की कृपा की जाय

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन,

14/08/26

(कुमार अनुराग)
सरकार के संयुक्त सचिव।